आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

REC Limited | आरईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

एसईसी-1/187(2)/2026/2715 **दिनांक: 6 फरवरी, 2026**

लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051	**कॉर्पोरेट संबंध विभाग** बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई -400 001
स्क्रिप कोड-RECLTD	**स्क्रिप कोड-532955**
Listing Department National Stock Exchange of India Limited Exchange Plaza, Bandra kurla Complex, Bandra (East), **Mumbai-400 051**.	**Corporate Relationship Department** BSE Limited 1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers Dalal Street, Fort, **Mumbai - 400 001**.
Scrip Code-RECLTD	**Scrip Code-532955**

विषय: 6 फरवरी, 2026 को आयोजित बोर्ड बैठक का परिणाम।

महोदय / महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 30 और अनुसूची III के प्रावधानों के अनुपालन में, यह सूचित किया जाता है कि आरईसी लिमिटेड ("आरईसी" / "कंपनी") के निदेशक मंडल ने 6 फरवरी, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में, केंद्रीय बजट 2026-27 में माननीय वित्त मंत्री द्वारा की गई उस घोषणा पर संज्ञान लिया, जो सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीएफसी के पैमाने को बढ़ाने और दक्षता में सुधार के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ("पीएफसी") और आरईसी के प्रस्तावित पुनर्गठन के संबंध में है।

उपरोक्त के अनुरूप और इस संबंध में प्रस्तुत जानकारी के साथ-साथ विस्तृत विचार-विमर्श के आधार पर, आरईसी के बोर्ड ने आरईसी और पीएफसी के विलय के रूप में पुनर्गठन के साथ आगे बढ़ने और लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार एक विस्तृत विलय प्रस्ताव तैयार करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विलय के बाद बनने वाली इकाई कंपनी अधिनियम, 2013 और अन्य लागू कानूनों के तहत एक "सरकारी कंपनी" के रूप में बनी रहे।

विस्तृत विलय योजना के अंतिम रूप ले लेने के बाद, आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने पर इसे साझा किया जाएगा।

बोर्ड की बैठक शाम 4:00 बजे शुरू हुई और शाम 5.05 बजे समाप्त हुई।

यह आपकी जानकारी और प्रसार के लिए है ।

सधन्यवाद ,

भवदीय,
आरईसी लिमिटेड के लिए
Digitally Signed

(दिनेश गर्ग)
कंपनी सचिव एवं
अनुपालन अधिकारी